ont>

Title: Need to set up an independent National Judicial Commission.

**प्रो. रासा सिंह रावत :** अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि पिछले दिनों न्यायपालिका में भ्रटाचार के कई चिन्ताजनक समाचार देश के समाचार पत्रों में पढ़ने को मिले हैं, यहां तक कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी कई न्यायधीशों के नाम दिए हैं कि कौन-कौन से न्यायाधीश विभिन्न न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में भ्रटाचार में लिप्त हैं। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि न्यायालयों में न्यायधीशों की नियुक्ति के लिए और उनको हटाने के लिए एक पूर्णकालिक उच्च अधिकार सम्पन्न स्वतंत्र राट्रीय न्यायिक आयोग की स्थापना की जाए ताकि पारदर्शिता रहे और न्यायपालिका से भ्रटाचार समाप्त हो जाए।